लिंकअप की खबरों पर पापा कहते हैं, चिल करो: अथिया

आथिया शेट्टी की एंट्री फिल्म हीरो के जरिए गाजे-बाजे के साथ हुई थी, उसके बाद वह सिर्फ मुबारकां में नजर आई। इन दिनों मोतीचूर से चर्चा में आथिया से करियर पर कुछ बाते बताई।

नवाज एक जाने-माने समर्थ अभिनेता हैं। उनकी मौजूदगी में आपको उनसे ओवरपावर होने का डर नहीं लगा?

ईमानदारी से कहूं तो जब मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी तो मुझे ऐसा बिलकुल नहीं लगा क्योंकि फिल्म की कहानी एक लड़की की है। फिल्म में लड़की को शादी करनी होती है। उसी की जिंदगी चकनाचूर होती है। ये कहानी लड़की के नजरिए से है। मैं आपको ये भी बता दूं कि अगर इसमें मैं अकेली होती, तब भी बात नहीं बनती या सिर्फ नवाज होते तब भी मुश्किल था। इस फिल्म में हम दोनों का किरदार बहुत अहम है। एक तरह से हम एक-दूसरे के पूरक हैं। मैं बहुत सचेत थी कि मेरे ऑपोजिट नवाज हैं। मुझे अपनी डायलॉग डिलिवरी पर काम करना होगा। अपनी वर्कशॉप चाक-चौबंद रखनी होगी। मैंने इस भूमिका के लिए खूब तैयारी की। तैयारी से रोल करें तो मजा कुछ और ही होता है।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

आपकी फिल्म शादी जैसे विषय पर आधारित है। हमारे देश में शादी के मामले में लड़की को किसी सामान की तरह पेश किया जाता है। वे चाल-ढाल, रूप-रंग किसी भी मामले में रिजेक्ट की जा सकती हैं?

मैं जब भी ये सुनती हूं कि लड़कियों को उनके रंग के कारण नकार दिया गया है या फिर शादी की बात करते समय उसे चलकर दिखाने के लिए कहा जाता है या गाना गाकर सुनाने के लिए तो मुझे बहुत दुख होता है। असल में ये सब कुछ एजुकेशन के अभाव में होता है। अगर लड़की पढ़ी-लिखी और आत्मनिर्भर हो, तो फिर वो ये सारी चीजें करने पर मजबूर नहीं होगी। उसे शादी इसलिए नहीं करनी पड़ेगी कि कोई उसका भार वहन कर सके।

हीरो में आपकी लॉन्चिंग बहुत जोर-शोर से हुई थी, मगर आपका करियर रफ्तार से आगे नहीं बढ़ पाया?

मुझे लगता है हर किसी की अपनी जर्नी होती है। आप फिर किस्मत को भी नकार नहीं सकते। हर किसी का एक टाइम होता है और टाइम आता है। हमारे पेशे में सब्र बहुत जरूरी है। आधी जंग इंतजार की होती है। अगर आप आत्मविश्वास से ओत-प्रोत हो, मेहनत करने के लिए तैयार हो तो आपको मौका जरूर मिलेगा। अब जैसे मुझे मोतीचूर का मौका मिला तो मैंने झपट लिया। बस आपको मौके के लिए तैयार रहना पड़ता है।

अपने अलग लुक के कारण आपको बॉलिवुड में काम मिलने में दिक्कत आई?

मैं समझती हूं कि अब हिंदी फिल्मों में नायिका लुक के मामले में अपने बने-बनाए खांचे से बाहर आ रही है। अब नेटफ्लिक्स के शोज या वर्ल्ड सिनेमा के एक्सपोजर के कारण दर्शक अलग-अलग तरह की अभिनेत्रियों से वाकिफ हो रहे हैं। हालांकि हीरोइनों के लिए ये राह इतनी आसान नहीं है, मगर दर्शकों की सोच धीरे-धीरे बदल रही है। अगर आप प्रतिभाशाली हैं और अभिनय जानती हैं, तो आपको आपके हिस्से के किरदार जरूर मिलेंगे। मैं तो अपने लुक्स और अंदाज को लेकर कॉन्फिडेंट हूं।

अपने पिता सुनील शेट्टी के साथ आप एक बेहद ही प्यारा और मजबूत रिश्ता शेयर करती हैं। अभिनेत्री बनने के बाद उस रिश्ते में कितनी परिपच्ता आई है?

अब मैं उनके साथ उतना वक्त नहीं बिता पाती, मगर हमारा रिश्ता काफी मजबूत हुआ है। वह मेरे दोस्त जैसे हैं। मैं उनसे कोई भी बात शेयर कर सकती हूं। वह मेरे सबसे बड़े आलोचक हैं।

बालों को लंबा, हेल्दी और ग्लॉसी बनाने का आसान और घरेलू नुस्खा

मौसम बदलने का सीधा असर स्किन और बालों पर पड़ता है। स्किन के लिए देखभाल करना फिर भी आसान होता है लेकिन आजकल की भागती-दौड़ती लाइफ में बालों को लेकर बाहर ट्रीटमेंट लेने के लिए टाइम की प्रॉब्लम हो जाती है। लेकिन इन बातों को लेकर परेशान होने के बजाए आप चाहें तो घर पर ही अपने बालों को अच्छा ट्रीटमेंट दे सकती हैं। इससे आपके बाल भी बेहद खूबसूरत नजर आएंगे। साथ ही बड़ी बात यह है कि इसका कोई साइड इफेक्ट भी नहीं है। आइए जानते हैं इन घरेलु नुस्खों के बारे में....

प्याज भी बेहद गुणकारी।: अगर आप लगातार बालों के गिरने की समस्या से परेशान हैं तो प्याज का प्रयोग करें। इसका जूस तैयार करके बालों की जड़ों में लगाकर दो घंटे के लिए छोड़ दें। इसके बाद बालों को अच्छे से वॉश कर लें। यह बालों के गिरने की समस्या को कम करने के साथ ही बालों में शाइन भी आती है।

नींबू से मिलेंगे डैंड्रफ फ्री हेयर: अगर आप डैंड्रफ की समस्या से जूझ रहे हैं और तमाम उपायों के बावजूद भी आपको लाभ नहीं मिल रहा है। ऐसे में आप घर पर ही नींबू का जूस तैयार करें और अपने बालों में उससे धीरे-धीरे मसाज करें। ऐसा करने से आपको डैंड्रफ से राहत मिल जाएगी। इसके अलावा यह बालों की ग्रोथ को भी बढ़ाता है।

डैमेज्ड हेयर के लिए बेस्ट है आवोकाडो: आवोकाडो डैमेज्ड हेयर के लिए काफी फायेदमंद होता है। एक अंडे के साथ इसका पैक बनाकर बालों में लगा दें। २० मिनट तक बालों को ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद वॉश कर लें। इस प्रक्रिया को हफ्ते में एक बार करें। इससे डैमेज्ड बालों में सुधार होता है और बाल खूबसूरत नजर आते हैं।

ऑलिव ऑयल के फायदे: बालों के लिए ऑलिव ऑयल के भी अपने ही फायदे हैं। यह बालों में मॉइस्चर बनाए रखता है। जो कि तमाम तरह की समस्याओं से बालों को बचाता है।

बेहद फायदेमंद है ग्रीन टी: सेहत के साथ ही ब्यूटी के लिए भी ग्रीन टी काफी फायदेमंद है। इसमें मौजूद कैटेचिन नामक तत्व से बालों का गिरना रुक जाता है। यही वजह है कि ग्रीन टी बालों के लिए भी काफी हेल्दी साबित होती है। बालों में ग्रीन टी का पैक बनाकर लगाएं। यह प्रक्रिया आपको 1 महीने में दो बार करनी चाहिए।

बियर देता है सॉफ्ट हेयर: यदि नियमित रूप से बियर से बालों को वॉश किया जाए तो यह बालों के लिए काफी बेहतर साबित हो सकता है। इससे पहले तो बालों को मसाज करिए। इसके बाद वॉश कर लें। यह बालों को सॉफ्ट बनाता है।